दिन– गुरुवार दिनांक– 27/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानमंडल के बजट सत्र का आज अंतिम दिन। एक दिन पहले समाप्त हो रहे सत्र में आज ही निपटाये जायेंगे सभी विधायी कार्य।

02. वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज। जदयू ने कहा– पार्टी मुस्लिम समाज के हित में विधेयक चाहती है। राजद ने मुस्लिम संगठनों का किया समर्थन।

03. राष्ट्रीय महिला आयोग राज्य के सभी जिले में विवाह पूर्व परामर्श केन्द्र खोलेगा। शादी से पूर्व युवाओं को जिम्मेदारी और तालमेल बिठाने की दी जायेगी जानकारी।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों के तापमान में हो रही है अप्रत्याशित बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में कई जगहों पर अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार जाने की आशंका।

———————————————————

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। यह सत्र तय समय से एक दिन पहले ही संपन्न हो रहा है। पहले सत्र का संचालन अट्ठाईस मार्च तक होना था। इसे देखते हुये आज सभी विधायी कार्य सम्पन्न कराये जायेंगे। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने दोनों सदनों में इस निर्णय की सदस्यों को जानकारी दी। श्री चौधरी ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी दलों के बीच इसे लेकर सहमति बनी है।

———————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि शहरी निकायों में नक्शे के अनुरूप आवास का निर्माण हुआ है या नहीं इसकी जांच करायी जायेगी। विधान परिषद में एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा ने कहा कि नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि राज्य के वित्त अनुदानित माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और डिग्री शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के बकाये अनुदान का जल्द भुगतान कर दिया जायेगा। श्री कुमार विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण पर सरकार का पक्ष रख रहे थे।

———————————————————

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है। जदयू के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने विधयेक को लेकर विपक्षी दलों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री खान ने कहा कि पार्टी चाहती है कि एक ऐसा बिल पास हो जो मुस्लिम समाज के हित में हो।

–––बाईट–––

इधर, जदयू के विधान पार्षद खालिद अनवर ने कहा है कि विपक्ष वोट बैंक की राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि जदयू चाहती है कि इस मामले पर सभी पक्षों की बात सुनकर एक अच्छा बिल पास हो।

–––बाईट–––

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर मुस्लिम संगठनों के साथ है।

–––बाइट––––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने कल नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल के आवास पर बैठक की। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ–साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी–राम विलास, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा सेक्युलर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं और बिहार के एन.डी.ए. सांसदों ने भाग लिया। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इस बैठक का उद्देश्य राज्य में गठबंधन सहयोगियों के बीच समन्वय को और बेहतर बनाना था।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के सभी जिले में विवाह पूर्व परामर्श केन्द्र, प्री–मैरिज कम्युनिकेशन सेंटर खोले जायेंगे। इन केन्द्रों में शादी से पूर्व युवाओं को जिम्मेदारी, जीवन में बदलाव और तालमेल बिठाने की जानकारी दी जायेगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि देशभर के ग्यारह राज्यों के तेईस जिलों में ये केन्द्र खोले जा चुके हैं। जल्द ही बिहार में भी इसकी शुरूआत होगी।

–––बाईट–––

इधर, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम आज हाजीपुर में जनसुनवाई करेगी। इस जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित समाधार करने का प्रसास किया जायेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह उनतीस और तीस मार्च को बिहार दौरे पर रहेंगे। तीस मार्च को सहकारिता विभाग की ओर से पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह कई विभागीय योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय मंत्री दरभंगा में नवनिर्मित मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। वे राज्य सहकारी बैंकों के माईक्रो एटीएम का वितरण करेंगे। इसके अलावा श्री शाह नव निबंधित दुग्ध सहकारी समितियों के बीच निबंधन प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे। साथ ही वे जन औषधि केन्द्रों के शुभारंभ और कॉमन सर्विस सेंटरों को क्रियाशील होने का प्रमाण पत्र देंगे। सहकारिता मंत्री राज्य के दो पैक्स में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना के तहत गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे।

———————————————————————

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक रामप्रीत पासवान को निलंबित कर दिया गया है। सीबीआई ने पिछले दिनों उसे पन्द्रह लाख रूपये रिश्वत लेते हुये रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। सीबीआई की ओर से दर्ज प्राथमिकी में शामिल प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी वाई.बी. सिंह समेत पांच अन्य को स्थानांतरित करते हुये केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से सम्बद्ध कर दिया गया है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। अगले दो दिनों में कई जगहों पर अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।

———बाईट———

इधर, स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव की आशंका को देखते हुये सभी अस्पतालों में पांच–पांच बेड आरक्षित रखने का आदेश दिया है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश और एसओपी जारी की है।

———————————————————————

प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आगामी शैक्षणिक सत्र में ग्यारहवीं कक्षा में सत्रह लाख पचास हजार से अधिक छात्र–छात्राओं का नामांकन होगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने संस्थानों का विवरण जारी कर दिया है।

———————————————————————

राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम उनतीस मार्च को जारी किया जायेगा। एससीईआरटी ने इस संबंध में सभी

जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर इसी दिन अभिभावक शिक्षक मीट आयोजित करने का भी आदेश दिया है।

———————————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस की समाप्ति को लेकर राज्य में उनतीस से इकतीस मार्च तक कोषागार खुले रहेंगे। वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

———————————————————————

रबी फसलों को हुई क्षति के मुआवजे के लिए किसान अब इक्कीस अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। सहकारिता विभाग ने फसल सहायता योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की तिथि इकतीस मार्च तक निर्धारित थी।

———————————————————————

अरवल के पूर्व विधायक चितरंजन शर्मा का हैदराबाद में निधन हो गया। वे इक्यावन वर्ष के थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा दुख जताया है।

———————————————————————

वैशाली जिले के लालगंज से पुलिस ने राजस्व कर्मचारी अवधेश प्रसाद के फर्जी कार्यालय में छापेमारी कर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मौके से तीन लाख रूपये बरामद किये गये हैं। इस मामले में आरोपी राजस्व कर्मी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————————

पटना की निगरानी अदालत ने नालंदा जिले के हरनौत के तत्कालीन हल्का कर्मचारी मुसाफिर सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी करार देते हुये सजा सुनाई है। उन्हें अलग–अलग धाराओं में कुल सात वर्ष कारावास और दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई गयी।

———————————————————————

एसटीएफ की टीम ने पटना जिले के वांछित नक्सली राम इकबाल मोची को मसौढ़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पर बिहार और झारखंड के कई जिलों में मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर में पदस्थापित मद्य निषेध विभाग की एएसआई सोनी महिवाल को शराब कारोबारियों से संबंध रखने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————————

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने लूटपाट करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट के कई सामान और हथियार बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

सहरसा जिले के सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र के असनही में पानी भरे गड्ढे में डूबने से भाई–बहन की मौत हो गयी।

———————————————————————————

कटिहार जिले के बारसोई थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में भूमि विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प में एक तीन वर्षीय बच्चे की हत्या कर दी गयी।

———————————————————————————

सारण पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से कुख्यात हथियार तस्कर भैरव त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पंचानवे कारतूस और लगभग एक लाख सत्तर हजार रूपये बरामद किये गये।

———————————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में आयोजित बीसीए सीनियर मेंस क्रिकेट प्रतियोगिता में गोपालगंज की टीम विजेता बनी है। फाईनल मुकाबले में गोपालगंज ने कटिहार को एक सौ इकतालीस रनों के अंतर से पराजित किया।

———————————————————————————

जहानाबाद में चल रही छियालीसवीं राष्ट्रीय जूनियर बालक हैंड बॉल प्रतियोगिता में बिहार ने आन्ध्र प्रदेश को छत्तीस–चौदह से पराजित किया। वहीं, एक अन्य मैच में चंडीगढ़ ने ओडिशा पर जीत हासिल की।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– मार्च में ही मौसम के बिगड़े मिजाज से सहमे किसान। रबी फसलों और फलों के उत्पादन में पन्द्रह फीसदी तक कमी की आशंका।

दैनिक जागरण ने अमेरिकी राष्ट्रपति के हवाले से लिखा है– वोटर आईडी बायोमीट्रीक से जोड़ रहा है भारत, हम स्व–सत्यापन पर निर्भर।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अप्रैल में होगी टीआरई–थ्री शिक्षकों की पोस्टिंग, विभागीय समिति बनी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– कांग्रेस में द्वंद्व–बिहार प्रभारी बोले–सीएम फेस पर फैसला आगे, अखिलेश ने कहा– तेजस्वी के नाम पर कोई कंफ्यूजन नहीं।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– बैंककारी विधियां संशोधन बिल संसद से पारित। अब बैंक खाते में चार लोग हो सकेंगे नामित।

आज अखबार की सुर्खी है– पीएफ अब एटीएम और यूपीआई से निकाल सकेंगे।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानमंडल के बजट सत्र का आज अंतिम दिन। एक दिन पहले समाप्त हो रहे सत्र में आज ही निपटाये जायेंगे सभी विधायी कार्य।

02. वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज। जदयू ने कहा– पार्टी मुस्लिम समाज के हित में विधेयक चाहती है। राजद ने मुस्लिम संगठनों का किया समर्थन।

03. राष्ट्रीय महिला आयोग राज्य के सभी जिले में विवाह पूर्व परामर्श केन्द्र खोलेगा। शादी से पूर्व युवाओं को जिम्मेदारी और तालमेल बिठाने की दी जायेगी जानकारी।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों के तापमान में हो रही है अप्रत्याशित बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने कहा– अगले दो दिनों में कई जगहों पर अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार जाने की आशंका।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।